कर्मचारियों को मुख्यालय भत्ता न दिए जाने के क्या कारण हैं तथा सभी कर्मचारियों को यह भत्ता देने के लिए क्या कार्यवाही की जा जा रही है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) और (ख) रक्षा भूमि और छावनी सेवा के केवल श्रेणी 'क' अधिकारियों को तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार विशेष वेतन तभी दिया जाता है जब उन्हें मुख्यालय कार्यालय में निर्धारित अवधि के लिए पोस्ट किया जाता है । अन्य सभी श्रेणियों के कर्मचारी विशेष वेतन पाने के हकदार नहीं हैं क्योंकि वे तृतीय वेतन आयोग द्वारा विशेष वेतन के लिए निर्धारित किए गए मापदण्ड को पूरा नहीं करते हैं।

राजस्थान और गुजरात में पकड़ा गया तस्करी का सामान

3362. **श्री विरदा राम फुलवारिया** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1982-83 में राजस्थान और गुजरात सीमाओं पर कुल कितने मूल्य का तस्करी का सामान पकड़ा गया ; और

(ख) कितने तस्कर गिरफ्तार किए गए तथा इस संबंध में सरकार ने क्या उपचारात्मक उपाय किए और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ।

वित्त मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री पट्टाभि राम राव) : (क) वर्ष 1982 और 1983 (जून तक) के दौरान राजस्थान और गुजरात में पकड़े गए तस्करी के माल का मूल्य निम्नलिखित है :—

(मूल्य लाख रुपयों में)

वर्ष	गुजरात ने पकड़े गए माल का मूल्य	राजस्थान में पकड़े गए माल का मूल्य
1982	658	52.47
1983 (जून तक)	1195*	33.01*

(ख) गुजरात राज्य और राजस्थान राज्य में वर्ष 1982 और 1983 (जून तक) के दौरान तस्करी-गतिविधियों में ग्रस्त होने के कारण गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित है :—

वर्ष	गिरफ्तार किए गए व्यक्ति (क) गुजरात	(ख) राजस्थान
1982	88	16
1983 (जून तक)	71*	16*

इन क्षेत्र में स्थिति क्षेत्रीय कार्यालयों को सतर्क रहने के अनुदेश दे दिए गए हैं । इन क्षत्रों में सीमाशुल्क विभाग के निवारक और आसूचना तन्त्र को, कर्मचारियों और उपस्करों की दृष्टि से, सुदृढ़ बनाया जा रहा है । केन्द्रीय और राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ पूर्ण ताल-मेल स्थापित कर तस्करी-निवारण के उपयुक्त उपाय भी किए गए हैं । समुचित कार्यवाही हेतु मामले की सतत समीक्षा भी की जाती रहती है ।

Air service for Kargil, Zanskar Karnah in Kashmir Area

3363. PROF. SAIF-UD-DIN SOZ : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

whether there is any proposal to have far flung areas like Kargil, Zanskar, Karnah, Keran, Gurez, Madwa, Bani, Doodubasantgarh connected through an air service as these areas remain inaccessible for most part of the year ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN) : There is no proposal at present to connect these areas by an air service.

Export of Processed Food

3364. SHRI NITYANANDA MISRA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

*आंकड़े अनन्तिम हैं ।